जालंधर, वीरवार 23 मई 2024

JALANDHAR, LUDHIANA, AMRITSAR, CHANDIGARH

+91 97814 00247





# वंदे भारत 24

भारत के मन की बात


सुविचार

हरकत होगी तो बरकत होगी


@vandebharat24 | vandebharat24news | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com


# चुनाव में हार-जीत पर सट्टे का बाजार गर्म

## जानिए भाजपा-कांग्रेस का क्या चल रहा भाव, किसे मिल रही कितनी सीटें




**जालंधर ( दीपांशु चोपड़ा ) :** लोकसभा चुनाव-2024 में कौन जीत रहा, कौन हार रहा ? सरकार किसकी बन रही है ? इसे लेकर सियासी गलियारों से लेकर चौक-चौराहों, हाट-बाजारों, गांव-शहर, पारा-मोहल्लों तक चर्चा हो रही ।किस पार्टी को कितनी सीटें मिल रही है? कौन प्रधानमंत्री बन रहा ? इंडिया गठबंधन किस मुहाने पर खड़ा है? इसी पर रोज न्यूज चैलनों में बहस, अखबारों में हेडलाइनज.क्या दिन, क्या रात और क्या प्राइम टाइम ? चरण दर चरण चुनाव अनुमान और पूर्वानुमान का दौर जारी है। वहीं लोकसभा चुनाव में हार-जीत पर सट्टों का बाजार भी गर्म है।

दरअसल जिस तरह से तमाम न्यूज चैनल, एजेंसियां, समाचार-पत्र, पत्रकार मतदान के साथ अपना एग्जिट पोल देते हैं, उसी तरह से चरण दर चरण सट्टा बाजार का अनुमान सामने आने लगता है। सूत्रों के मुताबिक सट्टा बाजार की ओर से लोकसभा चुनाव-2024 में किसकी सरकार बन रही है ? इसे लेकर भाव खोल दिया गया है।

### भाव और दांव के इस खेल में अंक गणित की परिभाषा को इस तरह समझिए

देश में अभी पांच चरणों का चुनाव संपन्न हो चुका है। पांच चरणों में 429 सीटों के लिए मतदान हो चुके हैं। 114 सीटों के लिए छठवें और सातवें चरण का चुनाव बाकी है। शेष सीटों के लिए 25 और 1 जून को मतदान है। अंतिम चरण के मतदान के ठीक 3 दिन बाद 4 जून को रिजल्ट आएगा। परिणाम भले ही 4 जून को आना है, लेकिन परिणाम से पहले सट्टा बाजार से नतीजे आने शुरु हो गए हैं।

सट्टा बाजार की ओर से सीटों के हिसाब से भाव दिए गए हैं। जैसे भाजपा को सट्टा बाजार ने अधिकतम 306 से 308 तक की सीटें दिया है, इसके लिए 100 पैसे का भाव दिया है, जबकि न्यूनतम 275 सीटों के लिए 22 पैसे का भाव रखा है।

वहीं कांग्रेस को अधिकतम 59 से 61 सीटें दिया है, इसके लिए भी 100 पैसे का भाव है, जबकि न्यूनतम 50 सीटों के लिए 45 पैसे का भाव रखा है।

### राज्यवार आंकड़े (भाजपा)

- उत्तरप्रदेश की 80 में 64 से 66 सीटें
- मध्यप्रदेश की 29 में 28 से 29 सीटें
- गुजरात की 26 की 26 सीटें
- राजस्थान की 25 में 19-20 सीटें
- झारखंड की 13 में 10 से 11 सीटें
- छतीसगढ़ की 11 में 10 सीटें
- महाराष्ट्र की 48 में 18 से 20, सहयोगी दलों को मिलाकर 26 से 28 सीटें
- कर्नाटक की 28 में सहयोगी दलों को मिलाकर 18 से 20 सीटें
- बंगाल की 42 में 20 से 22 सीटें
- बिहार की 40 में 13 से 15, सहयोगी दलों को मिलाकर 27 से 29 सीटें
- असम की 17 में सहयोगी दलों को मिलकर 11 से 12 सीटें
- आंध्रप्रदेश की 25 में सहयोगी दलों को मिलाकर 16 से 18 सीटें
- गोवा की 2 में 1 सीट
- ओड़िशा की 21 में 13 से 14 सीटें
- तमिलनाडु की 39 में 3 सीटें
- हिमाचल प्रदेश की 4 में 4 सीटें
- हरियाणा की 10 में 5 से 6 सीटें
- दिल्ली की 7 में 6 से 7 सीटें
- उत्तराखंड की 5 में 5 सीटें
- तेलंगाना की 17 में 7 सीटें
- पंजाब की 13 में 2 सीटें

### कांग्रेस को लेकर सट्टा बाजार का रुख साफ नहीं

सट्टा बाजार ने भाजपा की स्थिति कई राज्यों में स्पष्ट नहीं किया है। वहीं कांग्रेस को लेकर भी सट्टा बाजार का रुख राज्यवार साफ नहीं है। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को 1-1 सीट बताया जा रहा। हालांकि इंडिया गठबंधन को दक्षिण के राज्य तमिलनाडु, केरल, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, पुंडीचेरी में अच्छी सीटें मिल रही है, जबकि उत्तर और पूर्वोत्तर के राज्यों में गठबंधन की मेहनत बेकार जाती दिख रही है। वहीं दक्षिण-मध्य-पूर्व और पश्चिम से भी इंडिया गठबंधन को लेकर सट्टा बाजार का रुख स्पष्ट तो नहीं, लेकिन भाजपा के आंकड़ों को देखकर लग रहा है कि यहां भी गठबंधन के हाथ खाली रहेंगे।

## भाजपा के पंजाब प्रमुख जाखड़ ने लू को देखते हुए मतदान का समय बढ़ाने की मांग की

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पंजाब इकाई के प्रमुख सुनील जाखड़ ने बुधवार को निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर राज्य में लू को देखते हुए मतदान का



समय दो घंटे बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने मांग रखी कि सुबह छह बजे से शाम सात बजे तक मतदान की अनुमति दी जाए। पूरे देश में आमतौर पर मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होता है। पंजाब की 13 लोकसभा सीट पर मतदान एक जून को होना है। जाखड़ ने भारत निर्वाचन आयोग को लिखे अपने पत्र में कहा, आम चुनाव के अंतिम चरण के तहत एक जून को होने वाले मतदान के साथ ही पंजाब को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है, जिससे मतदाताओं के लिए कड़ी घूप में वोट डालना बेहद चुनौतीपूर्ण रहेगा।

साथ ही लू के कारण स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा, खासकर बुजुर्गों और बच्चों के इससे ज्यादा प्रभावित होने की आशंका है। भाजपा नेता ने कहा, ज्यादा से ज्यादा मतदान सुनिश्चित करने और लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए मैं भाजपा की पंजाब इकाई की ओर से अनुरोध करता हूं कि सुबह छह बजे से शाम सात बजे तक मतदान की अनुमति दी जाए।

## वरिष्ठ पत्रकार डॉ. बरजिंदर सिंह हमदर्द के खिलाफ केस दर्ज

### मजीठिया-खैहरा और जाखड़ बोले- पंजाब सरकार का चौथे स्तंभ पर हमला

**जालंधर ( संदीप मान ) :** पंजाब के वरिष्ठ पत्रकार डॉ. बरजिंदर सिंह हमदर्द पर विजिलेंस ने जंग-ए-आजादी मेमोरियल स्मारक मामले में केस दर्ज कर लिया है। इस मामले में नामजद दो स्ष्ठह्र को गिरफ्तार किया गया है, जबकि कुल 15 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। इस मामले पर शिरोमणि अकाली दल के सीनियर नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने एक्स पर लिखा कि भगवंत मान लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को दबाने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा के प्रदेश प्रधान सुनील जाखड़ ने प्रेस की आजादी को लेकर चुनाव आयोग को चिट्ठी लिख इस कार्रवाई को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि पूरी भाजपा डॉ. हमदर्द के साथ खड़ी है। मजीठिया ने एक्स पर लिखा कि भगवंत मान लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की आवाज को दबा रहे हैं क्योंकि उन्होंने अजीत समाचार पत्र समूह के प्रमुख डॉ. बरजिंदर सिंह हमदर्द के खिलाफ एक आपराधिक मामला दर्ज किया है। क्योंकि



डॉ. हमदर्द ने पंजाब सरकार की मांगों को मानने से इनकार कर दिया। यह पंजाब के सीएम की तरफ से प्रेस की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है। मैं भगवंत मान सरकार की ऐसी कार्रवाईयों की निंदा करता हूं।

वहीं कांग्रेसी नेता सुखपाल खैहरा ने एक्स पर लिखा कि मुझे अभी पता चला है कि भगवंत मान ने निजी बदला लेते हुए अजीत अखबार समूह के प्रमुख बरजिंदर सिंह हमदर्द के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कराया है। क्योंकि उन्होंने आम आदमी पार्टी की लाइन पर चलने से इनकार कर दिया था। मैं पंजाब में मीडिया की आवाज को दबाने के लिए अरविंद केजरीवाल एंड कंपनी की इस क्रूर और प्रतिशोधी कार्रवाई की कड़ी निंदा करता हूं।

**सुनील जाखड़ ने चुनाव आयोग को लिखी चिट्ठी :** वहीं भाजपा नेता सुनील जाखड़ ने एक्स पर लिखा कि मुख्यमंत्री शायद यह भूल गए हैं कि रोजाना अजीत समूह के मुख्य संपादक डॉ. बरजिंदर सिंह हमदर्द जो आतंकवाद के काले दौर में भी नहीं रुके, वह आपके आगे कैसे झुक सकते हैं। भगवंत मान को यह समझ लेना चाहिए कि डॉ. बरजिंदर हमदर्द उन कांग्रेसी नेताओं जैसे नहीं जिन्हें आप दबके मार के डरा लोगे। पूरी भाजपा डॉ. बरजिंदर हमदर्द, अजीत ग्रुप और प्रेस की आजादी के लिए डट के उनके साथ खड़ी है और खड़ी रहेगी।


HAKIM TILAK RAJ KAPOOR HOSPITAL PVT. LTD.

NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525



आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।

Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)

Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से वंदे भारत 24 के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247, 97804-00247



S.T COLLEGE OF NURSING & MEDICAL SCIENCES
Recognized by INC, New Delhi, Affiliated by BFUHS, Faridkot & PNRC, Mohali Approved by Govt. of Punjab.
COURSES OFFERED
ANM 2 Years Diploma
GNM 3 Years Diploma
B.Sc (Nursing) 4 Years Degree
D-Pharmacy (Ay.) 2 Years & 3 Months Diploma
10+1 & 10+2 (P.S.E.B)
V.P.O. Mehlanwali, Una Road, Hoshiarpur Pb.
Contact : +91-62841-11519, +91-99145-82525
www.stnursinginstitute.in

# पीएम मोदी की रैली के चलते बदल गए ये रास्ते

## घर से निकलने से पहले देख लें डायवर्ट प्लान

**जालंधर (काजल विज) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पटियाला रैली को लेकर पोलो ग्राउंड को पुलिस छावनी में बदल दिया है। बुधवार को करीब 2000 पुलिस कर्मचारी रैली स्थल पर पहुंचे, जिन्हें बेरीकेडिंग से लेकर अंदरूनी सुरक्षा में तैनात कर दिया गया।

एडीजीपी पीके सिन्हा की देखरेख में चार जिलों के एसएसपी ने सुरक्षा इंतजामों व बेरीकेडिंग लेयर की समीक्षा की। इसके अलावा डॉग स्क्वायड की टीम बम निरोधक दस्ते के साथ पीएम की तैयार हो रही स्टेज व साउंड सिस्टम की चेकिंग में जुट गए।

रैली स्थल पर सामान इंस्टाल होने के बाद इसके नजदीक बाहरी व्यक्ति को जाने की इजाजत नहीं है। रैली स्थल पर बुधवार रात 12 बजे के बाद किसी भी को भी जाने की मंजूरी नहीं मिलेगी और बिना पहचान पत्र या मान्यता वाले पहचान पत्र के बिना वीरवार को रैली में दाखिल होने की इजाजत नहीं होगी।

### पोलोग्राउंड को पुलिस सुरक्षा के घेराव में बदला

पोलोग्राउंड के आसपास के इलाके में बुधवार दोपहर 12 बजे से ही सुरक्षा घेराव में ले लिया गया है। यहां पर पंजाब पुलिस, एसओजी, स्पेशल कमांडो व पैरामिलिटरी फोर्स को पोलो ग्राउंड के चारों तरफ तैनात कर दिया है और यहां पर बेरीकेडिंग कर दी गई है।

बुधवार आधी रात के बादसे इस रोड को पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा ताकि आम जनता इस रोड पर दाखिल न हो सके। वहीं पोलोग्राउंड के आसपास की मार्केट में भी व्हीकल की एंट्री व दुकानों को बंद रखने के निर्देश जारी कर दिए हैं।




### आज इस रूट को फॉलो करे आम जनता

1. संगरूर साइड से आने वाली हैवी ट्रैफिक पसियाणा पुल से डायवर्ट होगी।
2. समाना साइड से आने वाली ट्रैफिक संगरूर बाईपास रोड पर डायवर्ट होगी।
3. मैण साइड से आने वाली हेवी ट्रैफिक संगरूर बाईपास रूट इस्तेमाल करेगी।
4. डकाला साइड से आने वाली ट्रैफिक बाईपास से आगे नहीं आ पाएगी।
5. देवीगढ़ रोड से आने वाली ट्रैफिक नानकसर तक पहुंचेगी, जहां से बाईपास रोड पर डायवर्ट होगी।
6. नाभा साइड से आने वाली ट्रैफिक धबलान से आगे शहर में दाखिल नही होगी।
7. भादसों से आने वाली हेवी ट्रैफिक स्यूणा चौक से सरहिंद रोड डायवर्ट की गई है।
8. सरहिंद रोड से आने वाली ट्रैफिक बाईपास से सिटी के बाहर जाएगी।
9. नए बस स्टैंड से हैवी ट्रैफिक सिटी में दाखिल नहीं होगी, वहां से इसे डायवर्ट कर दिया जाएगा।
10. राजपुरा रोड लक्कड़ मंडी से हेवी ट्रैफिक शहर में दाखिल नहीं होगी।
11. टी प्वाइंट गुरूद्वारा श्री दुखनिवारण साहिब से हेवी ट्रैफिक शहर में दाखिल नहीं होगी।

### रैली वाले वाहन के लिए रूट

1. राजपुरा साइड से आने वाले रैली वाले व्हीकल नए बस स्टैंड से पुराना बस स्टैंड, खंडा वाला चौक से होकर फव्वारा चौक के जरिए लोअर माल तक पहुंचेंगे,जिसके बाद वाहन पार्किंग स्थल पर पार्क होंगे।
2. संगरूर व समाना से आने वाले रैली वाहन आर्मी एरिया से होकर ठीकरीवाला चौक से फव्वारा चौक होकर लोअर माल रोड पहुंचेगी, जहां से वाहन पार्किंग में लगेंगे।
3. सरहिंद साइड से आने वाले वाहन खंडा वाला चौक व फव्वारा चौक से होते हुए लोअर माल रोड पहुंचेंगे, वहीं नाभा से आने वाले वाहन धबलान से संगरूर रोड होते हुए आर्मी एरिया, ठीकरी वाला चौक से फव्वारा चौक होकर लोअर माल रोड पहुंच लोगों को उतारने के बाद वाहन पार्किंग में लगाएंगे।
4. फव्वारा चौक से एनआईएस चौक वाला रोड वन वे रहेगा।

### पार्किंग के लिए यह स्थान तय किए

पार्किंग के लिए फूल सिनेमा, मालवा सिनेमा, मोदी कॉलेज और महिंदरा कालेज के अलावा एनआईएस, गुरूद्वारा श्री मोती बाग साहिब की पार्किंग को तय किया गया है।

## जालंधर और लुधियाना के पुलिस कमिश्नरों को चुनाव ड्यूटी से हटाया, निर्वाचन आयोग ने जारी किए आदेश

**जालंधर (जसवीर) :** भारत निर्वाचन आयोग ने पंजाब पुलिस के दो अधिकारियों को चुनाव ड्यूटी से हटा कर गैर-चुनाव ड्यूटी पर तैनात करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के प्रवक्ता ने बताया कि जालंधर के पुलिस कमिश्नर आईपीएस स्वप्न शर्मा और लुधियाना के पुलिस कमिश्नर आईपीएस कुलदीप चाहल को उनके मौजूदा पदों से ट्रांसफर करके गैर-चुनाव ड्यूटी पर तैनात किया गया है।

पंजाब के मुख्य सचिव को लिखे पत्र में निर्वाचन आयोग ने दोनों अधिकारियों को चुनाव ड्यूटी से हटा कर गैर-चुनाव ड्यूटी पर तैनात करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आयोग ने मुख्य सचिव को जालंधर और लुधियाना में तैनाती के लिए तीन योग्य अधिकारियों का पैनल मुहैया करवाने के लिए भी कहा है।




# अमृतसर से आतंकी रिंदा के गुर्गे को भेजे थे 20 लाख, लखबीर से जुड़ रहे तार

**जालंधर (हर्ष शर्मा) :** पाकिस्तान में बैठे आतंकी हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा के गुर्गे सुखविंदर सिंह उर्फ सुख उप्पल के तार कनाडा में बैठे आतंकी लखबीर सिंह लंडा के साथ जुड़ रहे हैं। मोहाली पुलिस की स्पेशल सेल ने सुखविंदर सिंह को कुछ दिन पहले गिरफ्तार किया था। वह पांच दिन के पुलिस रिमांड पर है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है, जिसमें कई खुलासे हुए हैं।सूत्रों के अनुसार, मोहाली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम अमृतसर और तरनतारन पहुंची है, जहां से उप्पल को 20 लाख रुपये की ट्रांजेक्शन की बात सामने आई है। पुलिस को संदेह है कि यह रकम आतंकी लखबीर सिंह लंडा के कहने पर उसके किसी गुर्गे ने उप्पल को भेजा।

अब पुलिस टीम इन इलाकों से डंप डाटा भी उठा रही है। इससे पता चल सकेगा कि जिस दिन 20 लाख रुपये की ट्रांजेक्शन हुई, उस दिन उस लोकेशन पर कौन-कौन से लोग मौजूद थे। इसके बाद सभी से पूछताछ की जाएगी।

मामले में मोहाली पुलिस स्थानीय पुलिस की भी मदद ले रही है। स्थानीय पुलिस से वहां अपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों की जानकारी भी जुटाई जा रही है। इस मामले में कुछ और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। गिरफ्तार सुखविंदर सिंह से पुलिस ने एक पिस्टल व दो कारतूस बरामद किए थे। संदेह है कि वह किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था।



पुलिस आरोपी की निशानदेही पर उन जगहों की जांच कर रही है जहां वह इतने दिन तक छिपकर रहा। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वह पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए जो हथियार मंगवाता था, उसकी सप्लाई किसको करता था।

### यह है मामला

कुछ दिन पहले मोहाली की स्पेशल सेल ने आतंकी हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा के गुर्गे सुखविंदर सिंह उर्फ सुख उप्पल को गिरफ्तार किया था। आरोप था कि वह पाकिस्तान से ड्रोन के माध्यम से विदेशी हथियार व हेरोइन मंगवाकर पंजाब में तस्करों व गैंगस्टरों को सप्लाई करता था। आरोपी सुख उप्पल अपने साथी कर्णबीर सिंह उर्फ राजा के साथ मिलकर आतंकवादी हरविंद सिंह रिंदा, निशान सिंह व हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पाछिया के लिए काम करता था। कर्णबीर को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। सुख आतंकवादी रिंदा से तालमेल कर पाकिस्तान से ड्रोन से बॉर्डर एरिया से विदेशी हथियार और हेरोइन बताई हुई लोकेशन पर मंगवा लेते थे।

# 'अब कोई रास्ता नहीं बचा', प्रधानमंत्री मोदी की रैली का विरोध करेंगे किसान

## शंभू बॉर्डर पर फिर तेज हुई हलचल




**जालंधर( काजल विज ) :** संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक और संयुक्त किसान मोर्चा राजनीतिक दोनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहले पंजाब चुनावी यात्रा का विरोध करने का एलान किया है। हालांकि विधिवत रूप से एलान अभी थोड़ी देर में शंभू बॉर्डर पर शुरू होने वाली बैठक में किया जाएगा।

इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों का घेराव करने की भी किसान संगठन घोषणा करेंगे। इससे पहले संयुक्त किसान मोर्चा ने जगराओं में कल प्रधानमंत्री की रैली का विरोध करने का एलान किया था।

शंभू बॉर्डर पर किसान मोर्चे को 100 दिन पूरे होने के बाद सरवन सिंह पंढेर ने बातचीत करते हुए बताया कि हमारी मांगे सभी के लिए हैं और हम देख रहे हैं कि प्रत्याशी चुनाव में हमारी मांगों का जिक्र भी कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सभी 23 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के अलावा मजदूर को 200 दिन काम की गारंटी की जाए साथ ही उनका मानदेय भी बढ़ाया जाए।

फिलहाल शंभू बॉर्डर पर संयुक्त किसान मोर्चा की रैली में ज्यादा रश नहीं हुआ है। भारी गर्मी के कारण किसानों की आमद काफी धीमी है। सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि 12 बजे से लेकर 2 बजे का टाइम दिया गया है इसलिए अभी रश कम दिखाई पड़ रहा है।

**प्रशासन नहीं करवा रहा पीएम मोदी से बात :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध करने के सवाल पर सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि हमने प्रशासन से पीएम से बातचीत करवाने को कहा है। लेकिन प्रशासन ऐसा नहीं कर रहा है इसलिए हमारे पास विरोध करने के अलावा और कोई विकल्प नहीं बचा है।

उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि हमें रैली ग्राउंड तक नहीं जाने दिया जाएगा लेकिन जहां तक भी जाने दिया जाएगा। हम वहां जाएंगे और वहीं बैठकर विरोध जताएंगे।

### रैली को देखते हुए कई रास्ते बंद

प्रधानमंत्री की रैली को देखते हुए पटियाला प्रशासन की ओर से कई रास्ते बंद करने को लेकर सरवन सिंह ने कहा कि हमें तो यूं ही बदनाम किया जा रहा है जबकि जिस जगह पर शंभू का मोर्चा लगा हुआ है वह भी हमने बंद नहीं किया है बल्कि सुरक्षा बलों ने बंद किया हुआ है और कहा जा रहा है कि किसानों ने रास्ते बंद किए हैं।

सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि सरकार के पास नेरेटिव सेट करने का बड़ा साधन है इसलिए वह हमारे आंदोलन को कमजोर करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

### धरने के चलते किसानों के व्यापारियों को नुकसान

एक अन्य किसान नेता मनजीत सिंह राय ने शंभू रेलवे से धरना हटाए जाने के बारे में कहा कि व्यापारियों ने किसान संगठनों के साथ दो बार बातचीत की थी और बताया था कि केंद्र सरकार तो दबाव में नहीं आ रही है ऐसे में आप लोग व्यापारियों का नुकसान क्यों कर रहे हो? तब हमने इस बात पर विचार करते हुए शंभू रेलवे ट्रैक पर चल रहे धरने को स्थगित करने का फैसला किया है।

उन्होंने कहा कि व्यापारियों के साथ हमारा कोई विरोध नहीं है वह हमारे ही भाई बंधु हैं। मनजीत सिंह राय ने कहा कि मोर्चे ने कई और प्रोग्राम दे दिए हैं जिनमें भाजपा के प्रत्याशियों का घेराव करना शामिल है।

ऐसे में कई जगह पर मोर्चे नहीं खोले जा सकते।

# गायक गुरदास मान की मुश्किलें बढ़ीं, धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप में हाईकोर्ट ने दिया नोटिस




**जालंधर ( हिमांशु ) :** पंजाबी गायक गुरदास मान के खिलाफ नकोदर में दर्ज धार्मिक भावनाओं को आहत करने के मामले में एफआईआर को रद्द करने और कैंसिलेशन रिपोर्ट स्वीकार करने के फैसले को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है हाईकोर्ट ने गुरदास मान की मुश्किलें बढ़ाते हुए अब पंजाब सरकार सहित अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी करते हुए जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है।

हरजिंदर सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करते हुए बताया कि गुरदास मान ने लाडी शाह को गुरु अमरदास जी का वंशज बताया और उनकी तुलना सद्गुरु से की जोकि सिख समुदाय की धार्मिक भावनाओं को आहत करता है। याचिका में कहा गया कि यह जगजाहिर है कि लाडी शाह सार्वजनिक रूप से नशा करते थे और निरवस्त्र रहते थे जोकि सिख धर्म में मंजूर नहीं है। ऐसे व्यक्ति या डेरामुखी को सद्गुरु की संज्ञा देना सिख धर्म का अनादर है जो गुरदास मान ने किया है। कोर्ट ने याचिका स्वीकार कर प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर दिया है और सुनवाई 13 जून तक स्थगित कर दी है।

# अरविंद केजरीवाल के लिए धमकी भरा मैसेज लिखने वाला शख्स गिरफ्तार

## दिल्ली मेट्रो में लिखी थी ये बात





**जालंधर ( नितिका ) :** मेट्रो स्टेशन पर दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के लिए धमकी भरा मैसेज लिखने वाले आरोपी को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

33 वर्षीय आरोपी अंकित गोयल ने मेट्रो स्टेशन पर सीएम केजरीवाल को जान से मारने की धमकी लिखी थी। दिल्ली पुलिस की मेट्रो यूनिट ने एफआईआर दर्ज की थी और मामले की जांच कर रही थी। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। बता दें कि 19 मई को पटेल नगर और राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर सीएम केजरीवाल के लिए धमकी भरा मैसेज लिखा गया था।

पुलिस ने मैसेज लिखते हुए आरोपी का सीसीटीवी फुटेज भी बरामद कर लिया है। ऐसा माना जा रहा है कि आरोपी ने फेमस होने के लिए ऐसी हरकत कर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट कीं। सूत्रों के मुताबिक, आरोपी अंकित गोयल बरेली का रहने वाला है और वह किसी भी राजनीतिक दल से जुड़ा नहीं है। आरोपी ने मेट्रो ट्रेन के अंदर लिखा था, केजरीवाल दिल्ली छोड़ दीजिए। कृपया। अन्यथा, आपको तीन थप्पड़ याद रखने होंगे, जो आपने चुनाव से पहले खाए थे। अब असली थप्पड़ मिलेगा।

# सीएम मान के '13-0' नारे को सुनील जाखड़ ने बताया मजाक, बोले- जिम्मेदारियों से भाग रहे मुख्यमंत्री



**जालंधर( काजल विज ) :**पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के 13-0 नारे पर पंजाब बीजेपी अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने कहा कि भगवंत मान का बैकग्राउंड एक थिएटर आर्टिस्ट और कॉमेडियन का है। यह उनका एक और मजाक है जिस पर लोग हंसते हैं। वह सिर्फ मजाक कर रहे हैं क्योंकि वह उस पृष्ठभूमि से आते हैं। उन्होंने कहा कि यह पंजाब का दुर्भाग्य है कि एक गैर-गंभीर व्यक्ति सीएम की कुर्सी पर बैठा है।

**किसान और व्यापारियों की कोई सुध नहीं :** जाखड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री अपनी जिम्मेदारियों से भाग रहे हैं। उनके शासन में किसान परेशान हैं, व्यापारी परेशान हैं। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि किसान पिछले एक महीने से रेलवे ट्रैक पर बैठे हैं। लेकिन पंजाब के मुख्यमंत्री को इसकी कोई सुध नहीं। उन्होंने कहा कि हमने किसानों से कहा कि आप बीजेपी का विरोध कर लीजिए यदि आपको तकलीफ है। लेकिन आम जनता की परेशानी का सबब न बनें। तो मैं समझता हूं उसके बाद किसानों ने वहां से धरना हटाया है।

लेकिन करीबन हजारों करोड़ रुपए का नुकसान जो हुआ है। उसका क्या? भगवंत मान के इस गैर-जिम्मेदार रवैया का जनता जवाब देगी।

### भाजपा का गठबंधन नहीं हुआ

वहीं शिअद से गठबंधन के दौरान भाजपा लोकसभा की तीन सीटों अमृतसर, गुरदासपुर व होशियारपुर पर चुनाव लड़ती थी। विधानसभा की 117 में से 23 सीटों पर लड़ती थी, जिनमें ज्यादातर शहरी हैं।

दूसरी पार्टियों से आए ऐसे नेताओं को भाजपा ने टिकट दिया है, जिनका ग्रामीण क्षेत्रों में भी आधार है। किसान संगठनों के विरोध के सवाल पर पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सुनील जाखड़ कहते हैं कि प्रदर्शन करने वालों में कांग्रेस, अकाली दल व आप के कार्यकर्ता शामिल हैं।

### एक जून को होगा चुनाव

बता दें कि आने वाली एक जून को पंजाब की 13 सीटों पर मतदान होना है। पंजाब के चुनावी माहौल में पांच प्रमुख पार्टियां मैदान में हैं। इनमें भाजपा, आप, कांग्रेस, बसपा और शिरोमणि अकाली दल शामिल हैं।

# शराब घोटाले केस में अरविंद केजरीवाल ने फूंका जनता का पैसा

## वकील अभिषेक मनु सिंघवी को 18.97 ष्ह्र तो दूसरे लॉयर को दिया 5.30 cr फी

**जालंधर( दीपांशु चोपड़ा ) :** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की शराब घोटाले मामले का एक और काला सच सबके सामने आ गया है। उन्होंने एक ऐसा पाप किया है, जिसके बारे में जान कर दिल्ली की जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी।जी हां, केजरीवाल ने खुद को बचाने के लिए मनीष सिसोदिया से जुड़े दिल्ली शराब घोटाले का केस लड़ने के लिए टैक्स के पैसे को पानी की तरह बहाया है।

उन्होंने पिछले 1 वर्ष 8 महीनों में कांग्रेस नेता और वकील अभिषेक मनु सिंघवी को दिल्ली शराब घोटाले का मामला लड़ने के लिए कोई छोटी-मोटी रकम नहीं बल्कि 18.97 करोड़ रुपये का भुगतान किया।ये एक ऐसा आंकड़ा है, जो शायद किसी आम इंसान के सपनों में भी नहीं आता होगा।इसके अलावा उन्होंने केवल शराब नीति घोटाले के मामलों में वकीलों को कुल 21.50 करोड़ का भुगतान किया गया है, तो आप अंदाजा लगा सकते हैं कि घोटाला कितना बड़ा होगा। इसके अलावा उन्होंने 5.30 करोड़ रुपये का दूसरा सबसे बड़ा भुगतान डॉ. राहुल मेहरा को पिछले 2 साल 8 महीने में कर चुके हैं।




दिल्ली शराब घोटाले मामले में केजरीवाल सरकार द्वारा दिया गया पैसा सिसोदिया की जेब से नहीं बल्कि टैक्स पेयर्स का था। बता दें कि कांग्रेस नेता और वकील अभिषेक मनु सिंघवी को मनीष सिसोदिया से जुड़े दिल्ली शराब घोटाले का मामला लड़ने के लिए कहा गया था।

### शराब घोटाले मामले में वकील को दिए जाने वाले रकम जांच का विषय

दिल्ली शराब घोटाले में आम आदमी पार्टी पी. चिदंबरम, कपिल सिब्बल, इंदिरा जयसिंह व अन्य वकीलों को मिला कर दिए गए पैसे 30 करोड़ के आस-पास है।वहीं अरविंद केजरीवाल, संजय सिंह और मनीष सिसोदिया की तरफ से सेशन कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक 3 से 4 वरिष्ठ वकील हाजिर होते हैं। उनकी प्राइवेट मैटर की फीस कितनी, कैसे और कहां से दी जाती है, ये एक गहरी जांच का विषय है। सच तो ये है दिल्ली जैसे छोटे राज्य की सरकार ने करोड़ों रुपये सिर्फ वकीलों पर खर्च कर दिये ये भी देश के इतिहास का सबसे बसाव वकील फी घोटाला है।

---

**भाजपा उम्मीदवार रवनीत बिट्टू का बड़ा एलान**

## भाजपा सरकार बनी तो खोला जाएगा वाघा बॉर्डर

**जालंधर ( नितिका ) :** लुधियाना से भाजपा प्रत्याशी सांसद रवनीत सिंह बिट्टू ने मतदान से कुछ दिन पहले बड़ा एलान किया है। बिट्टू ने सोशल मीडिया पर लाइव होकर एलान किया कि तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने पर व्यापार को बढ़ावा देने के लिए वाघा बॉर्डर खोला जाएगा। बिट्टू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह सिख भावनाओं का ख्याल रखते हुए करतारपुर कॉरिडोर खोला। ठीक उसी तरह अब केंद्र में दोबारा भाजपा सरकार आने पर व्यापार को बढ़ावा देने के मकसद से वाघा बॉर्डर खोला जाएगा।



रवनीत बिट्टू ने लुधियाना विजन के लिए भी कई बड़े एलान किए हैं। उन्होंने लाइव आकर लुधियाना के लिए मेट्रो, इलेक्ट्रॉनिक बसें, ईएसआई अस्पताल व लेबर हाउसिंग खोलने की बात कही। बिट्टू ने कहा कि एक साल के भीतर लुधियाना में ये सभी योजनाएं लेकर आएंगे। एक रोड मैप तैयार किया जाएगा कि जहां पर एयरपोर्ट होगा वहीं ड्राईपोर्ट बनाया जाएगा, वहीं मेट्रो स्टेशन होगा और खासकर लेबर के लिए भी रिहायशी मकान बनेंगे। ताकि इंडस्ट्री लगातार तरक्की करें और लेबर को परेशानी न हो सकें। रवनीत बिट्टू ने कहा कि आज पंजाब के ये हाल हो गए हैं कि लुधियाना की सैकडों इंडस्ट्रीज यूपी, एमपी जैसे राज्यों में जा रही हैं। क्योंकि वहां इंडस्ट्री को कई रियायतें व छूट है। जहां इंडस्ट्री तरक्की कर रही है। उसी तरह पंजाब में भी नई नई इंडस्ट्रीज लाएंगे। जो इंडस्ट्रीज पंजाब से बाहर गई हैं उन्हें दोबारा से चालू कराया जाएगा।

# पीएम मोदी के दौरे से पहले लिखे मिले खालिस्तानी नारे

## पन्नू का वीडियो-मान सरकार से मिला शेड्यूल

**जालंधर( संदीप मान ) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल पटियाला आ रहे हैं। मोदी के दौरे से पहले बुधवार को पुराना बस स्टैंड के नजदीक पुल की दीवार पर खालिस्तान के नारे लिखे मिले। साथ ही मिनी सचिवालय रोड पर एक निर्माणाधीन इमारत पर खालिस्तान का झंडा भी लगा मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और झंडे को वहां से हटाया गया। साथ ही दीवार पर लिखे नारे को भी मिटाया गया।

पीएम मोदी के दौरे को लेकर पटियाला हाई अलर्ट पर है। पुलिस की ओर से शहर के सभी एंट्री प्वाइंट्स को सील कर भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया है। इसके बावजूद इस घटना के होने से पुलिस सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### कैप्टन के नजदीकी चहल की इमारत पर लगा था झंडा

जानकारी के मुताबिक झंडा मिनी सचिवालय रोड पर जिस निर्माणाधीन बिल्डिंग पर लगाया गया था, वह पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह के करीबी भरतइंद्र सिंह चहल की है। वहां से गुजर रहे लोगों ने जब झंडा लगा देखा, तो इसकी सूचना पुलिस को दी।




### पन्नू का वीडियो वायरल

इसी बीच सिख फार जस्टिस के संचालक गुरपतवंत पन्नू का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें पन्नू कह रहा है कि पंजाब आने पर मोदी को खालिस्तानी समर्थकों की ओर से निशाना बनाया जाएगा। क्योंकि पीएम पंजाब के किसानों व कनाडा में निज्जर की हत्या के जिम्मेदार हैं। पन्नू आगे कहता है कि खालिस्तानियों को पंजाब में मोदी के दौरे व रूट प्लान की सारी जानकारी वहां की भगवंत मान सरकार से मिली है। इसका इस्तेमाल किया जाएगा और मोदी को पटियाला, जालंधर व गुरदासपुर आने से रोकने की कोशिश की जाएगी।

---

# पंजाब में पिछले साल का रिकॉर्ड टूटा, 11 हजार से ज्यादा हुए गेहूं की नाड़ जलाने के मामले

**जालंधर ( संदीप मान ) :** सरकार के दावों के विपरीत पंजाब में गेहूं की नाड़ जलाने के मामले बीते साल का रिकॉर्ड तोड़ते हुए 11031 के आंकड़े पर पहुंच गए हैं। जबकि 2023 में अब तक नाड़ जलाने के 10940 मामले रिपोर्ट हुए थे।

मामले बढ़ने के कारण पंजाब के साथ-साथ दिल्ली की हवा भी दूषित हो रही है। एसक्यूआई का स्तर बढ़ने से पंजाब के अधिकतर शहरों में पहले जहां एयर क्वालिटी संतोषजनक श्रेणी में थी, वहां अब मध्यम व कुछेक जगहों पर खराब श्रेणी में पहुंच गई है। हालांकि पंजाब पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (पीपीसीबी) दावा कर रहा है कि जिन खेतों में नाड़ जलाई जा रही है। जल्द ही कानून के मुताबिक संबंधित खेत मालिकों के खिलाफ जुर्माने किए जाएंगे और जरूरत पड़ने पर केस भी दर्ज होंगे।

पंजाब में सेटेलाइट के जरिये एक अप्रैल से 31 मई तक गेहूं की नाड़ जलाने के मामलों पर नजर रखी जा रही है । शुरुआत में नाड़ जलाने के कम मामले रिपोर्ट हो रहे थे, लेकिन अब इसमें लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। यहां तक कि पिछले कुछ दिनों से साल 2023 के मुकाबले नाड़ जलाने के मामले रोजाना ज्यादा सामने आ रहे हैं। 16 मई को 143, 17 मई को 683, 18 को 1144, 19 को 597, 20 को 107 मामले सामने आए हैं। आंकड़ों के मुताबिक 20 मई तक नाड़ जलाने के 11031 मामले रिपोर्ट हो चुके हैं,



जबकि साल 2023 में इस समय तक 10940 मामले सामने आए थे। इनमें 1282 मामलों के साथ गुरदासपुर सबसे आगे चल रहा है, जबकि अमृतसर में 966, तरनतारन में 941, फिरोजपुर में 885, लुधियाना में 730, मोगा में 721, बठिंडा में 620, संगरूर में 560, मुक्तसर में 484, पटियाला में 480. कपूरथला में 455, फाजिल्का में 436, जालंधर में 360, मानसा में 307, फरीदकोट में 303, पठानकोट में 132, मालेरकोटला में 121 मामले सामने आए हैं।

नाड़ जलाने के मामलों में वृद्धि के चलते मंडी गोबिंदगढ़ का एक्यूआई स्तर 271 व दिल्ली का 239 पहुंच गया है, जो खराब श्रेणी में है। हालांकि पंजाब के बाकी प्रमुख शहरों अमृतसर, खन्ना, पटियाला, जालंधर, लुधियाना व बठिंडा का एक्यूआई मध्यम श्रेणी में है, लेकिन डाक्टरों के मुताबिक मध्यम श्रेणी का एक्यूआई भी पहले से सांस की बीमारी, दमा व फेफड़ों की बीमारी वाले मरीजों के लिए सही नहीं है।

**अमृतसर का एक्यूआई 151, बठिंडा का 110, जालंधर का 136, खन्ना का 127, लुधियाना का 177, पटियाला का 142 दर्ज किया गया है।**

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से वंदे भारत 24 के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247, 97804-00247



# पंजाब में श्रद्धालुओं से भरी बस ट्राले से टकराई

## दो महिलाओं की मौत; 15 से ज्यादा लोग घायल



**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** जिले के समराला के नजदीक गांव चेहलां में बुधवार सुबह श्रद्धालुओं से भरी टूरिस्ट बस हाईवे पर खड़े ट्राले से टकरा गई। इस भीषण सड़क हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 15 लोग घायल हो गए।

### दो महिलाओं की हादसे में मौत

घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को बस से बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मृतकों की पहचान मध्य प्रदेश के इंदौर की रहने वाली मीनाक्षी (51) और सरोज बाला (54) के रूप में हुई है।

### केदारनाथ धाम की यात्रा के लिए निकले थे श्रद्धालु

इंदौर के रहने वाले ऋषभ ने बताया कि वे लोग इंदौर के रहने वाले हैं। बस में सवार सभी लोग किसान परिवार से संबंध रखते हैं। सभी धार्मिक तीर्थ स्थलों की यात्रा करने के लिए टूरिस्ट बस में निकले थे। वे केदारनाथ धाम की यात्रा करने के मंगलवार रात को हरिद्वार से अमृतसर के लिए चले थे।

### हाईवे पर खड़े ट्राले से टकराई बस

बुधवार सुबह करीब साढ़े 5 बजे जब वे लुधियाना पहुंचे तो चेहलां गांव के पास हाईवे पर खड़े खराब ट्राले से बस टकरा गई। इसके बाद बस में मौजूद लोग चिल्लाने लग गए। हादसे के तुरंत बाद बाद आसपास के गांवों के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने खून से लथपथ श्रद्धालुओं को बाहर निकाला। इसके बाद एंबुलेंस व अन्य वाहनों की मदद से उन्हें समराला के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने मीनाक्षी और सरोज बाला को मृत घोषित कर दिया।

# अमृतसर में पुरानी सब्जी मंडी में दो गुटों के बीच खूनी झड़प, 10 लोग घायल

**जालंधर ( नितिका ) :** पंजाब के अमृतसर में हॉल गेट के बाहर पुरानी सब्जी मंडी में बुधवार की सुबह दो गुटों के बीच खूनी टकराव होने से 10 लोग जख्मी हो गएद्य झगड़ा ट्रक लगाने को लेकर हुआद्य रामबाग थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है और घायलों को सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया है।

### इस वजह से हुई झड़प

वेरका निवासी आकाश ने बताया कि बुधवार की सुबह 7.00 बजे वह ट्रक लेकर सब्जी मंडी पहुंचे थेद्य वहां कुछ लोगों ने उन्हें ट्रक कुछ देर बाद लेकर आने को कहाद्य लेकिन ट्रक पीछे ले जाने का कोई रास्ता नहीं था रास्ते में कई अन्य वाहन लगे हुए थे।

### दातर और बेट से किया हमला

जिसके बाद मंडी में कुछ लोगों ने उन पर दातर और बेट से हमला कर दियाद्य वहां मौजूद उनके साथियों ने जब उनका बचाव करने का प्रयास किया तो वहां मौजूद 15-20 लोगों ने इकट्ठा होकर उन पर कांच की बोतल फेंकनी शुरू कर दीद्य वहीं दूसरी तरफ रवि ने बताया कि ट्रक पार्क करने को लेकर आकाश ने अपने साथियों के साथ मिलकर उन पर दातार-लाठियां और बोतलों से हमला कर दिया।





# सीएम के रोड शो से पहले व्यापारियों का विरोध, दुकानें बंद कर कहा-आप विधायक नहीं कर रहा सुनवाई

**जालंधर ( संदीप मान ) :** बठिंडा से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी गुरमीत सिंह खुड्डियां के हक में बुधवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रोड शो करना था, लेकिन मान के रोड शो से पहले ही मौड़ मंडी के व्यापारियों ने दुकानें एवं बाजार पूर्ण तौर पर बंद करके रोष प्रदर्शन शुरू कर दिया।

मौड़ के आप विधायक सुखबीर सिंह माइसरखाना को लोगों ने पकड़कर बिठा लिया और खूब खरी-खोटी सुनाई। विधायक माइसरखाना लोगों से कहते रहे कि आज एक दिन के लिए मेरा साथ दे दो।

मंडी के व्यापारी राजिंदर काला ने बताया कि पिछले दिनों से मौड़ मंडी के घरों में वाटर वर्कर्स के पानी की जगह सीवरेज का गंदा पानी आ रहा है। इस बाबत उन्होंने कई बार आप विधायक माइसरखाना को सूचित कर उचित कार्रवाई के लिए कहा था, लेकिन आप विधायक ने उनका मामला हल करने के बजाय कह दिया कि उनके पास समय नहीं है। व्यापारी काला ने बताया कि जब मंडी के व्यापारियों एवं आम लोगों को पता चला कि सीएम मान उनकी मंडी में रोड शो करने पहुंच रहे हैं तो लोगों ने एकजुट होकर आप सरकार, मुख्यमंत्री मान और आप विधायक माइसरखाना के खिलाफ विरोध जताने के लिए अपनी दुकानें बंद करते हुए पूर्ण तौर पर बाजार बंद कर दिया। व्यापारी काला ने बताया कि आप सरकार ने लोगों से बड़े-बड़े वादे तो किए लेकिन पूरा एक भी नहीं किया। लोगों के रोष प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर एसएसपी दीपक पारिक खुद पहुंचे और पूरी मौड़ मंडी में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया।



# जिम जा रही युवती की मौत पर बड़ा खुलासा, प्रेमी ने रची थी साजिश; पुलिस तफ्तीश में ये वजह आई सामने

**जालंधर ( काजल विज ) :** 10 मई को हरगोबिंद नगर में जिम से लौट रही 33 वर्षीय स्वीटी अरोड़ा के साथ हादसा नहीं हुआ था, बल्कि उसके प्रेमी ने ही कार से कुचल कर उसकी हत्या की थी। शादी का दवाब बनाने पर मोबाइल का कारोबार करने वाले उसके प्रेमी लखविंदर सिंह ने उसे रास्ते से हटाने की साजिश रची थी। इसके बाद ड्राइवर व साथी के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने जांच की तो राज खुल गया।

**दो आरोपी गिरफ्तार, ड्राइवर अभी भी फरार :** पुलिस ने तरनतारन के रहने वाले लखविंदर सिंह उर्फ लक्खा उसके साथी कुलविंदर सिंह उर्फ पिंदा और ड्राइवर अजमेर सिंह के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। लखविंदर और कुलविंदर को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अजमेर फरार है। लक्खा इस समय मोहाली में रह रहा था। हरगोबिंद नगर निवासी युवती स्वीटी अरोड़ा 10 मई को सूफियां बाग चौक के नजदीक सुबह साढ़े पांच बजे जिम गई थी।

**प्रेमी पहले से शादीशुदा :** जिम से लौटते समय तेज रफ्तार कार ने उसे रौंद दिया था। कार सवार ने बाहर आकर उसे उठाया और उसे लोगों की मदद से अस्पताल भेजा था, लेकिन उसकी मौत हो गई थी। इसके बाद आरोपित फरार हो गया था। पुलिस के मुताबिक लखविंदर सिंह शादीशुदा था और विदेश से मोबाइल लाकर यहां बेचने का काम करता है। इस दौरान उसका संपर्क स्वीटी से हो गया था और दोनों में प्रेम संबंध बन गए। स्वीटी उसे शादी करने का दबाव बना रही थी, लेकिन लखविंदर उससे शादी नहीं करना चाहता था। इसी को लेकर उनका आपसी विवाद चल रहा था। आरोपित ने स्वीटी को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। इसमें उसने अपने ड्राइवर कुलविंदर सिंह और एक टैक्सी ड्राइवर अजमेर सिंह को शामिल किया।




### हत्या को बताया हादसा

अजमेर से लखविंदर ने कहा कि उसे स्वीटी को कार के नीचे रौंदना है, इसके लिए उसने उसे सुपारी के 50 हजार रुपये देने थे। आरोपित चार दिन तक लुधियाना आकर स्वीटी की रेकी करते रहे। उन्हें लगा कि सुबह का समय ठीक होगा। कार से कुचलने के समय अजमेर के अलावा दोनों आरोपित भी साथ ही थे। इन्होंने हादसे का ड्रामा बनाया और फिर फरार हो गए।

### सीसीटीवी फुटेज और कॉल डिटेल्स ने खोला राज

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को खंगालना शुरू किया। पुलिस ने जब चेक किया तो पाया कि स्वीटी को टक्कर मारने वाली कार काफी देर से इलाके में घूम रही थी। जब पुरानी फुटेज चेक की तो कार चार दिन से लगातार इलाके में घूम रही थी। काल डिटेल्स को खंगाला। उसमें लखविंदर का नंबर आया था। सूत्रों की मानें तो आरोपित अजमेर को पुलिस ने पहले गिरफ्तार कर लिया था।

### गाड़ी चलाने वाले को देने थे हजारो रुपये

प्यार के लिए गंवा बैठी जिंदगी आखिर स्वीटी का कसूर क्या था। यही न कि उसने प्यार किया था। प्यार की सजा मौत मिलेगी, इसका उसे अंदाजा भी नहीं था। स्वीटी की मौत के साथ परिवार ही उजड़ गया। पिता व दो भाइयों की पहले ही मौत हो चुकी है। अब परिवार में मां अकेली बची है। स्वीटी ही मां का सहारा थी।




# सिंगापुर के बाद भारत में अपने पैर पसार रहा कोरोना का नया वैरिएंट

## 300 से ज्यादा लोग आए चपेट में; इन राज्यों में मिले मामले

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** भारत में कोविड-19 के सब वैरिएंट केपी.2 से 290 और केपी.1 से 34 लोगों के संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। ये दोनों सब वैरिएंट सिंगापुर में संक्रमण के मामले बढ़ने के लिए जिम्मेदार हैं। ये दोनों जेएन1 वैरिएंट के सब वैरिएंट हैं और इनका संबंध अस्पताल में भर्ती होने के मामलों और गंभीर रूप से बीमार होने से नहीं है। इसलिए चिंतित होने या घबराने का कोई कारण नहीं है।

सूत्रों ने बताया कि इंसाकाग मामले के प्रति संवेदनशील है और नए वैरिएंट सामने आने पर उसका मुकाबला कर सकता है। इंसाकाग के अनुसार, केपी.1 के कुल 34 मामले सात राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सामने आए, जिनमें से 23 मामले अकेले बंगाल में दर्ज किए गए।





इसके अलावा गोवा में एक, गुजरात में दो, हरियाणा में एक, महाराष्ट्र में चार, राजस्थान में दो और उत्तराखंड में एक मामला सामने आया है। केपी.2 सब वैरिएंट के 290 मामले आए हैं, जिनमें से सबसे अधिक 148 मामले अकेले महाराष्ट्र के हैं। इसके अलावा दिल्ली में एक, गोवा में 12, गुजरात में 23, हरियाणा में तीन, कर्नाटक में चार, मध्य प्रदेश में एक, ओडिशा में 17, राजस्थान में 21, उत्तर प्रदेश में आठ, उत्तराखंड में 16 और बंगाल में 36 लोग इस सब वैरिएंट से संक्रमित हुए। सिंगापुर में हाल के दिनों में कोविड-19 की लहर देखने को मिली है और पांच से 11 मई के बीच केपी.1 और केपी.2 सब वैरिएंट से संक्रमण के 25,900 मामले सामने आए हैं।

### आईएनएसएसीओजी (इंसाकॉग) क्या है?

भारतीय सार्स-कोव-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम (इंसाकॉग) 30 दिसंबर 2020 को भारत सरकार द्वारा स्थापित जीनोम सीक्केंसिंग प्रयोगशालाओं (आरजीएसएल) का एक राष्ट्रीय बहु-एजेंसी कंसोर्टियम है।

शुरुआत में इस कंसोर्टियम में 10 प्रयोगशालाएं शामिल थीं। बाद में इंसाकॉग के तहत प्रयोगशालाओं के दायरे का विस्तार किया गया और वर्तमान में इस कंसोर्टियम के तहत 28 प्रयोगशालाएं हैं, जो सार्स-कोव-2 में हुई जीनोमिक विविधताओं की निगरानी करती हैं।

# खैरा के बयान पर बोले पीएम मोदी-कांग्रेस पंजाब में बिहारियों का बहिष्कार करना चाहती है



**जालंधर( हिमांशु ) :** पंजाब में बाहरी का मुद्दा गरमाने लगा है। कांग्रेस प्रत्याशी सुखपाल खैरा के बाहरी के बयान को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर हमला बोला है।

पीएम मोदी ने मंगलवार को बिहार में एक चुनावी जनसभा में पंजाब में कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी सुखपाल खैरा का बिना नाम लिए कांग्रेस को क्षेत्रवाद पर घेरा।पीएम ने कहा कि कांग्रेस के शाही परिवार के करीबी पंजाब के इस नेता (सुखपाल खैरा) ने एक चुनावी रैली में कहा कि बिहार के लोगों का बहिष्कार करना चाहिए। बिहार के लोगों को पंजाब में न घर खरीदने और न अधिकर देना चाहिए। बिहार के लोगों के खिलाफ कांग्रेस के दिल और दिमाग में इतनी नफरत भरी हुई है।

पीएम ने कहा कि एक तरफ कांग्रेस के नेता पंजाब में बिहार के लोगों का बहिष्कार करने की बात कर रहे हैं, दूसरी तरफ बिहार में कांग्रेस और आरजेडी मिलकर बिहार के लोगों से वोट मांग रहे हैं। पीएम ने कहा कि कांग्रेस के नेता के इस बयान पर पार्टी के किसी वरिष्ठ नेता ने कोई सवाल तक नहीं उठाया।

### जाखड़ ने की थी निंदा

पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने खैरा के इस बयान पर उन्हें पूर्व सीएम चन्नी के यूपी और बिहार के लोगों के खिलाफ बीते चुनाव में दिए बयान की याद दिलाई थी। जाखड़ ने कहा था कि इस प्रकार के बयान प्रदेश में शांति का माहौल खराब कर सकते हैं। इस पर भारतीय निर्वाचन आयोग को कार्रवाई करनी चाहिए।

### चन्नी को भी पीएम ने दिया था करारा जवाब

कांग्रेस के पूर्व सीएम जालंधर से प्रत्याशी चरणजीत सिंह चन्नी ने भी बीते दिनों पुंछ में भारतीय वायुसेना के जवानों के काफिले पर हुए आतंकी हमले पर विवादित बयान दिया था। चन्नी ने कहा था कि चुनाव से पहले भारतीय सेना पर इस प्रकार के हमले चुनावी स्टंट हैं।

चन्नी को अगले दिन ही अपने विवादित बयान पर यू टर्न लेकर स्पष्टीकरण देना पड़ा था। इस बयान पर भी पीएम मोदी ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा था कि मतदान के हर चरण के बाद कांग्रेस का पाकिस्तान प्रेम बढ़ता जा रहा है।

### खैरा ने दिया था गैर पंजाबी पर बयान

दरअसल, पंजाब कांग्रेस के संगरूर से प्रत्याशी सुखपाल खैरा ने बीते दिनों एक चुनावी जनसभा में पंजाब में यूपी, बिहार, हिमाचल, गुजरात और अन्य राज्यों के लोगों को जो भी गैर पंजाबी यानी बाहरी हो उसे प्रदेश में जमीन खरीदने, मतदाता बनने और सरकारी नौकरी देने पर रोक लगाने का कानून बनाने की बात की थी। इस विवादित बयान के बाद जब सुखपाल खैरा का विरोध होने लगा, तब खैरा ने बैकफुट पर आकर अपने बयान पर स्पष्टीकरण दिया।

# बीस माह बाद मिला इंसाफ...

## नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दोषियों पर 50 हजार जुर्माना और 20-20 साल की जेल



**जालंधर( जसवीर ) :** नाबालिग के खिलाफ साजिश रचने, शादी की नीयत से अपहरण व गंभीर यौन उत्पीड़न करने के दो दोषियों को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो मंडी के न्यायालय ने 20-20 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोनों दोषियों पर 50-50 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना राशि न भरने पर तीन-तीन वर्ष का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। पीड़िता को करीब 20 माह बाद न्याय मिला है। दोषी उसे अगवा कर पंजाब ले गए थे।

### शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने की मामले की जांच

जिला न्यायवादी मंडी विनोद भारद्वाज ने बताया 14 अगस्त 2022 को पीड़िता के पिता ने थाना गोहर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसकी बेटी 12 अगस्त रात करीब साढ़े दस बजे से घर से लापता है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पीड़िता की बहन ने बताया कि 10 अगस्त को जब वह स्कूल से आ रही थी तब रास्ते में उसे दो लड़के मिले थे जो हरियाणा व उत्तरप्रदेश के रहने वाले थे।

### शादी का झांसा देकर ले गए थे पंजाब

दोनों हिमाचल में सामान बेचने आए थे। दोनों उसकी बड़ी बहन के बारे में पूछ रहे थे। जांच में यह बात सामने आई थी कि दोषी पीड़िता को शादी का झांसा देकर जबरदस्ती पंजाब ले गए। वहां पीड़िता का यौन उत्पीड़न किया गया था। गोहर थाना ने दोषियों के विरुद्ध 14 अगस्त को मामला दर्ज किया था। मोबाइल लोकेशन के आधार पर पीड़िता को पुलिस ने पंजाब के एक शहर से बरामद किया था और दोनों दोषियों को गिरफ्तार भी किया था। अभियोजन पक्ष ने न्यायालय के समक्ष 23 गवाहों के बयान कलमबद्ध करवाए थे। सरकार की ओर से मामले की पैरवी जिला उप न्यायवादी नितिन शर्मा ने की थी। अपहरण करने के दोष में कोर्ट ने दोनों दोषियों को तीन-तीन वर्ष और पांच-पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।